# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका, दुर्ग

*Email: registrar@durguniversity.ac.in* *Website: www.durguniversity.ac.in* *Phone 0788-2359100*


क्र. 463/कुल. कार्या./2021 दुर्ग, दिनांक 24/02/2021

प्रति,

समस्त प्राचार्य
शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
**(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबंद्ध)**

**विषयः– राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 के संबंध में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की सूचना।**

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है कि, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2021 के संदर्भ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) द्वारा नियमित विद्यार्थियों एवं नियमित प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/क्रीड़ाधिकारी/ग्रन्थपाल तथा निजि महाविद्यालयों में धारा 28 के अंतर्गत कार्यरत् प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/क्रीड़ाधिकारी/ग्रन्थपाल हेतु निम्नलिखित ऑनलाईन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आपसे अनुरोध है कि, अपने महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने हेतु सूचना प्रसारित कर सहभागिता हेतु प्रेरित करे।

1. दुर्ग विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नियमित विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन निबंध स्पर्धा **(हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में अधिकतम 500 शब्द, A4 साइज के सादे कागज पर विद्यार्थी अपना नाम, कक्षा, महा. का नाम, मोबाइल नंबर, अवश्य लिखे)।**

   **निबंध का विषय – " दैनिक जीवन में विज्ञान का अनुप्रयोग "**
   **Topic – " Role of Science in Life."**

2. दुर्ग विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नियमित विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन पॉवरपांइट प्रस्तुतिकरण/मौखिक विडियों प्रस्तुतिकरण स्पर्धा इसके अंतर्गत विद्यार्थी को किसी एक भारतीय वैज्ञानिक की उपलब्धियां/खोज पर केन्द्रित पॉवरपांइट अथवा स्वंय के द्वारा प्रस्तुत मौखिक प्रस्तुतिकरण (अधिकतम 4 मिनट अवधि) का विडियों निम्नलिखित ई–मेल आई पर भेजना अनिवार्य है। प्राप्त विडियों/पांवरपांइट का चयन विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति द्वारा चयनित निर्णायकगण करेगे तथा चयनित प्रविष्टियों वाले आवेदकों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि पर स्वंय अपनी ऑनलॉइन प्रस्तुति देना होगी।

3. दुर्ग विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त नियमित प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/क्रीड़ाधिकारी/ ग्रन्थपाल तथा निजि महाविद्यालयों में धारा 28 के अंतर्गत कार्यरत् प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/क्रीड़ाधिकारी/ग्रन्थपाल हेतु एक निबंध स्पर्धा **(हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में अधिकतम 500 शब्द, A4 साइज के सादे कागज पर प्राध्यापक अपना नाम, विभाग का नाम, महा. का नाम, मोबाइल नंबर, अवश्य लिखे)।**

   **निबंध का विषय – " भारत में विज्ञान का विकास "**
   **Topic – " Progress of Science in India."**

उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं हेतु विद्यार्थी अथवा प्राध्यापक अपनी ऑनलॉइन प्रविष्टियां दिनांक 28/02/2021 दिन रविवार तक अनिवार्य रूप से निम्नलिखित ई–मेल आईडी पर भेजे।

**Email Id- dsw@durguniversity.ac.in**

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)